सराहनीय कार्यःमीरजापुर पुलिस

दिनांकः11.04.2024

1.थाना को0कटरा पुलिस द्वारा शातिर हेरोईन तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से 65 ग्रा. अवैध हेरोईन बरामद —

पुलिस अधीक्षक मीरजापुर "अभिनन्दन" द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने एवं जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये हैं ।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में दिनांकः 11.04.2024 को प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सेठ मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना को0कटरा क्षेत्र से अभियुक्त परमेश्वर मौर्या पुत्र घनश्याम मौर्या निवासी कतवारू का पुरा थाना को0कटरा जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्ता उपरोक्त के कब्जे से 65 ग्राम अवैध हेरोईन बरामद हुआ । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना को0कटरा पर मु0अ0सं0-63/2023 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को मा0न्यायालय/जेल भेजा गया ।